मोहे लागी लगन तेरे नाम की

मोहे लागी लगन तेरे नाम की,
जग छूटे तो छूटे,
रहमत पाई मैंने तेरे नाम की जग छूटे तो छूटे,
लागी लगन मोहे लागी लगन मोहे,

सच्चा सौदा हमने किया है,
राम नाम का जाम पिया है,
हो मैंने सांसो की माला तेरे नाम की,
जग छूटे तो छूटे,
लागी लगन मोहे लागी लगन मोहे,

ऐसी मस्ती ऐसी खुमारी,
भूल गई मैं तो दुनिया सारी,
मुझे खबर नहीं सुबहो श्याम की,
जग छूटे तो छूटे,
लागी लगन मोहे लागी लगन मोहे,

मिल गया मुझको सच्चा मोती,
जाग गई अंदर प्रेम की ज्योति,
मुझे फ़िक्र नहीं आज अंजाम की,
जग छूटे तो छूटे,
लागी लगन मोहे लागी लगन मोहे,

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/8111/title/mohe-laagi-lagan-tere-naam-ki-jag-chute-to-chute

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |